भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.10.2024

## आरेडिका ने किया चौथे स्वच्छता ग्राम चौपाल का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका के आस–पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज दिनांक 24.10.2024 को चौथे ग्राम चौपाल का आयोजन पूरे कालिका बक्स गाँव में किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में आरेडिका द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्राम वासियों का स्वस्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय के डाक्टरों की टीम के द्वारा किया गया।

(आर.एन.तिवारी ) 24/10/2024
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी